

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

भूषण गगरानी बने BMC के नए आयुक्त

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 20 ■ शुक्रवार, 22 मार्च 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# युवा नेता ने विधायक पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



- गोल मैदान को स्टेडियम बनाने के लिए मिला फंड
- उल्हासनगर के युवा प्रतिभाशाली- पंकज तिलोकानी
- शहर के मैदानों का नहीं होता रखरखाव
- गोल मैदान परिसर में नशेड़ियों का आतंक
- मैदानों में सिर्फ खेल कूद हो
- मैदानों को निजी संस्थानों से मुक्त कराएं



**उल्हासनगर.** 21 जुलाई 2022 को उल्हासनगर कैंप 2 के गोल मैदान को खिलाड़ियों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले स्टेडियम में बदलने के लिए 2 करोड़ 85 लाख का ठेका जय भारत कंस्ट्रक्शन को वर्क आर्डर के साथ दिया गया है। लेकिन यहां स्टेडियम न बनाकर इसमें भ्रष्टाचार कर उस फंड को कहीं और इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे भ्रष्टाचार का आरोप विधायक कुमार आयलानी पर युवा नेता पंकज तिलोकानी ने लगाया है। त्रिलोकानी ने मनपा आयुक्त अजीज शेख को पत्र लिखकर अनुरोध किया है उल्हासनगर शहर के खिलाड़ियों को भविष्य में उच्च स्तर तक पहुंचने के लिए जल्द से जल्द यहां स्टेडियम का निर्माण करे। तिलोकानी ने गोल मैदान परिसर में नशेड़ी व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी अंकुश लगाने की मांग की है।

# कल्याण लोकसभा में अस्तित्व की लड़ाई

## शिवसेना (शिंदे गुट) के लिए आसान नहीं होगा इस बार कल्याण लोकसभा का चुनाव

**कल्याण.** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल्याण लोकसभा क्षेत्र को एक अलग महत्व प्राप्त हो गया है क्योंकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पुत्र सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे का निर्वाचन क्षेत्र है; लेकिन शिवसेना के विभाजन के बाद, यह निर्वाचन क्षेत्र, जो शिवसेना का गढ़ है, दोनों गटों के लिए अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। एक ओर ठाकरे गुट शिंदे को चुनौती दे रहा है, वहीं गठबंधन की अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा शिंदे को भुगतना पड़ सकता है. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि सांसद शिंदे के लिए इस साल कल्याण का गढ़ बरकरार रखना चुनौतीपूर्ण होगा. 2014 में निर्वाचित होने के बाद डॉ. श्रीकांत शिंदे पांच साल के भीतर कल्याण लोकसभा क्षेत्र पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। उसके बाद 2019 में भी मतदाताओं ने उन्हें एक बार फिर मौका दिया. बेशक इसके लिए एकनाथ शिंदे का नाम मिलने से उनका राजनीतिक सफर आसान हो गया है. लेकिन अंदरूनी चुनौतियों के चलते इस बार का





लोकसभा चुनाव उनके लिए भी आसान नहीं होगा.

### 6 विधानसभा क्षेत्रों में मात्र 1 सीट शिवसेना के पास

कल्याण-लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र कलवा-मुंब्रा, कल्याण ग्रामीण, कल्याण पूर्व, डोंबिवली, उल्हासनगर और अंबरनाथ शामिल हैं। इनमें से कलवा-मुंब्रा एनसीपी, कल्याण ग्रामीण मनसे, उल्हासनगर, कल्याण पूर्व और डोंबिवली सीटों पर बीजेपी के विधायक हैं। अंबरनाथ में शिंदे गुट के एकमात्र विधायक हैं. इसलिए भाजपा ने शुरू में इसी आधार पर इस निर्वाचन क्षेत्र पर दावा करने की कोशिश की. हालांकि यह कोशिश अभी भी जारी है, लेकिन मुख्यमंत्री अपने बेटे की सीट आसानी से हाथ से नहीं जाने देंगे. लेकिन इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्हें शिवसेना ठाकरे गट और भाजपा के भीतर नाराजगी का सामना करना पड़ेगा।

बीजेपी के बाद मनपा पार्टी की ओर से भी शिंदे का लगातार विरोध होता रहा है. विधायक राजू पाटिल और सांसद शिंदे विकास कार्यों को लेकर आमने-सामने हैं; लेकिन फिलहाल कहा जा रहा है कि मनसे ने लोकसभा चुनाव के लिए सुलह कर ली है क्योंकि ये दोनों नेता विकास कार्यों को लेकर एक साथ आए हैं. इसके अलावा, हालांकि शिंदे समूह ने इस निर्वाचन क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ा दी है, लेकिन एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो ठाकरे समूह पर विश्वास करता है। मुख्यमंत्री शिंदे को सीधे चुनौती देने और अपनी ताकत दिखाने के लिए खुद उद्धव ठाकरे ने इसी विधानसभा क्षेत्र से अपनी संपर्क यात्रा शुरू की. पिछले चुनावों में, शिंदे को कलवा-मुंब्रा लोकसभा से राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड़ ने समर्थन दिया था; लेकिन अब इन दोनों नेताओं के बीच बढ़े विवाद से सांसद शिंदे को इस सीट से झटका लग सकता है.

| 2014 के परिणाम | |
|---|---|
| डॉ. श्रीकांत शिंदे (शिवसेना) - | 4,40,892 |
| आनंद परांजपे - राष्ट्रवादी - | 1,90,143 |
| राजू पाटिल - मनसे - | 1,22,349 |
| **2019 के परिणाम** | |
| डॉ. श्रीकांत शिंदे (शिवसेना) - | 5,59,723 |
| बाबाजी पाटिल - राकांपा - | 2,15,380 |

# भाजपा पदाधिकारियों का बावनकुले को सीधा पत्र

एक ओर जहां सांसद शिंदे को जहां अपने सहयोगियों से भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं इसमें दिवा बीजेपी मंडल के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले से मांग की है कि कल्याण लोकसभा चुनाव कमल के निशान पर लड़ा जाए, जिससे शिंदे के सामने एक और चुनौती खड़ी हो गई है. भारतीय जनता पार्टी दिवा शहर की ओर से हाल ही में एक बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में दिवा मंडल अध्यक्ष सचिन भोईर, ठाणे जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक पाटिल, नरेश पवार, विनोद भगत, जिला सचिव विजय भोईर, सपना भगत, रोशन भगत, गणेश भगत उपस्थित थे. सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि कल्याण लोकसभा का यह चुनाव बीजेपी के कमल के निशान पर लड़ा जाए. और ऐसा निवेदन उन्होंने बीजेपी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले को दिया है. इस संबंध में दिवा मंडल अध्यक्ष सचिन भोईर ने कहा, हमने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले से अनुरोध किया है कि कल्याण लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार कोई भी हो, चुनाव चिन्ह कमल होना चाहिए क्योंकि इस क्षेत्र में बीजेपी की बड़ी ताकत है. यहां बीजेपी के तीन विधायक हैं, जिनमें एक मंत्री है. इसके चलते यह देखने वाली बात होगी कि क्या बीजेपी यहां अपना उम्मीदवार उतारेगी या फिर शिंदे को दिवा में बीजेपी पदाधिकारियों को मनाना होगा.

# वनकर्मी पर तेंदुए का हमला

**कल्याण.** पिछले डेढ़ महीने से तेंदुए जव्हार तालुका के ग्रामीण इलाकों में घरेलू जानवरों पर हमला कर रहे हैं. शहर से महज तीन किलोमीटर दूर गोरठण फाटा के पास वन मजदूर हरेश चौधरी पेड़ों में पानी देने के बाद आराम करने बैठे थे. तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक झपट्टा मारकर उसकी बांह और गर्दन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल मजदूर के चिल्लाने और अन्य मजदूर मदद के लिए दौड़े तो तेंदुआ भाग गया। घायल मजदूर को इलाज के लिए जव्हार के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया; लेकिन उनकी चोटें गंभीर थीं और उन्हें नासिक भेज दिया गया. बताया गया कि वन विभाग की ओर से घटना का पंचनामा किया गया.

# विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में जब्त मोटरसाइकिलों में लगी आग

- 30 से 35 मोटरसाइकिलें जलीं

**उल्हासनगर.** विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन परिसर में जब्त की गईं 30 से 35 मोटरसाइकिलों में गुरुवार को आग लग गई. दमकलकर्मियों ने आग बुझा दी और आगे की आपदा को टाल दिया।



उल्हासनगर के विठ्ठलवाड़ी सहित हिललाइन पुलिस स्टेशन, सेंट्रल, उल्हासनगर के बाहर जब्त मोटरसाइकिलों का ढेर लगा हुआ है। ऐसी ही स्थिति उल्हासनगर और विठ्ठलवाड़ी ट्रैफिक पुलिस कार्यालय की है। पिछले हफ्ते सहायक पुलिस आयुक्त अजय कोली ने पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों की सूची बनाने और उन्हें नीलाम करने की संभावना के बारे में बात की थी.

विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन और यातायात विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहन बड़ी संख्या में पुलिस स्टेशन के आसपास पड़े हुए हैं. गुरुवार को जब पुलिस ने देखा कि मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई है तो उन्होंने अग्निशमन विभाग को फोन किया और खुद ही आग बुझाने की कोशिश की. आखिरकार दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया. लेकिन तब तक 30 से 35 मोटरसाइकिलें जल चुकी थीं. पुलिस इसकी जांच कर रही है और जब्त मोटरसाइकिलों को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की जा रही है.

# धरना, मोर्चा, प्रदर्शन, भूख हड़ताल पर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक रोक

**ठाणे.** सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालयों/संस्थाओं, सरकारी विश्राम गृहों, सार्वजनिक स्थानों, सड़क पर धरना, जुलूस, प्रदर्शन, अनशन पर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक (6 जून) प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और जिला चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे ने इसे लागू किया है।

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को कार्यक्रम जारी कर दिया है. चूंकि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तिथि से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, इसलिए ठाणे जिले में लोकसभा चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/अनुविभागीय मजिस्ट्रेट / तालुका मजिस्ट्रेट कार्यालय के साथ-साथ जिले के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालय, सरकारी विश्राम गृह, सार्वजनिक स्थान, किसी भी सड़क पर राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा धरना, मोर्चा, प्रदर्शन, भूख हड़ताल के आयोजन को प्रतिबंधित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और जिला चुनाव निर्णायक अधिकारी अशोक शिंगारे ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालयों / संस्थानों, सरकारी विश्राम गृहों, सार्वजनिक स्थानों पर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक सड़क पर धरना आंदोलन, मार्च, प्रदर्शन, अनशन पर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक (दिनांक 06 जून 2024) प्रतिबंधों के संबंध में आदेश दिए हैं।

# अंबरनाथ नपा की नई इमारत चार मंजिला बनाई जाएगी

- और दो मजिला निर्माण के लिए 17 करोड़ की निविदा घोषित

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद की नई दो मंजिला इमारत को चार मंजिला बनाने के लिए मार्ग खुला हो गया है. इस इमारत पर अतिरिक्त दो मंजिला निर्माण के लिए 17 करोड रुपयों की निविदा हाल ही में निकाली गई है. आशा व्यक्त की जा रही है कि अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव के बाद नए नगरसेवक इस चार मंजिला इमारत को कामकाज के लिए इस्तेमाल करेंगे. नपा की पुरानी इमारत जीर्ण अवस्था में थी. बिल्कुल इसके पीछे नई इमारत के निर्माण का कार्य सन 2018 में शुरू





हुआ. करोड़ों रुपए खर्च करके नई इमारत का निर्माण करने के बाद कुछ महिने पहले शासकीय कामकाज इसमें शुरू किया गया है. लेकिन बढ़ता शहर, बढ़ती जनसंख्या और भविष्य में नपा को मनपा बनाए जाने पर प्रशासकीय कामकाज, लोक प्रतिनिधियों की संख्या में वृद्धि, अधिकारियों की संख्या भी बढ़ सकती है. इसलिए इस नई दो मंजिला इमारत को चार मंजिला बनाने का निर्णय लिया गया था. और दो मंजिला निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपए निधि मंजूर की गई थी. इस काम की हाल ही में निविदा प्रसिद्ध की गई है. लेकिन लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद आचार संहिता लागू होने के कारण निविदा को खोलने के काम पर ब्रेक सा लग लगया है. समझा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद निविदा खोलकर दो मंजिला बढ़ाने का काम दिया जाएगा. ऐसा मुख्याधिकारी ने भी कहा है. नपा चुनाव से पहले ये कार्य पूरा कर लिया जाएगा. ऐसी आशा व्यक्त की जा रही है.

# चुनाव के दौरान पैसों के दुरुपयोग पर आयकर विभाग करेगा निगरानी

**ठाणे.** पुणे आयकर विभाग ने चुनाव के दौरान पैसों की हेराफेरी पर नजर रखने और लेनदेन पर नियंत्रण रखने के लिए पुणे संभाग के जिलों के साथ-साथ ठाणे जिले के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे ने बताया कि यह नियंत्रण कक्ष सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे (24x7) कार्यरत रहेगा.

2024 के लोकसभा आम चुनावों में धन बल के दुरुपयोग से संबंधित जानकारी/शिकायत देने के लिए नागरिक आगे दिए टोल फ्री नंबरः 1800-233-0353 टोल फ्री नंबरः 1800-233-0354 व्हाट्सएप नंबरः 9420244984 ईमेल आईडीः pune.pdit.inv @incometax.gov.in नियंत्रण कक्ष का पता : कमरा नं. 829, 8वीं मंजिल, इनकम हाउस, बोधि टॉवर, सैलिसबरी पार्क, गुलटेकडी, पुणे 411037, से संपर्क करके अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं या धन के दुरुपयोग की रिपोर्ट कर सकते हैं। यह सेल ठाणे जिले के साथ-साथ पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, पुणे, अहमदनगर, सोलापुर, सतारा, सांगली, सिंधुदुर्ग और कोल्हापुर जिलों के लिए कार्यरत होगा। जिला कलेक्टर और जिला चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अशोक शिंगारे ने अपील की है कि नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए और जानकारी दर्ज करनी चाहिए, इससे आयकर विभाग को काले धन के दुरुपयोग पर नजर रखने और रोकने में मदद मिलेगी।

# केबी रोड नाला बांधकाम में भ्रष्टाचार का आरोप

- अब्दुल शेख ने मुख्याधिकारी को दिया पत्र
- जांच व ठेकेदार को बिल न देने की मांग

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के माध्यम से शहर पश्चिम के केबी रास्ते पर मेथोडिस्ट चर्च से पहले महात्मा गांधी विद्यालय के पीछे से बहनेवाले नाले को कांक्रीट से बांधने के लिए 4 करोड़ 34 लाख 537 रुपए का खर्च अपेक्षित है. जीएसटी के साथ 5 करोड़ 12 लाख 63 हजार 134 रुपए है. इस नाले के बांधकाम निविदा प्रक्रिया में 0.99% कम में मे. एस. सी. चंदनानी कंस्ट्रक्शन कंपनी को दि. 15 दिसंबर 2023 को वर्क आर्डर दिया गया है. इस संबंध में पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख ने प्रशासक एवं मुख्याधिकारी को 19 मार्च 2024 को एक पत्र देकर ये मांग की है कि इस कार्य में भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है. इसलिए ठेकेदार के काम को जांच किए बिना किसी भी प्रकार का बिल अदा ना किया जाए. ये ठेका विशेष रस्ता अनुदान योजना अंतर्गत दिया गया है. शेख का कहना है कि मेथोडिस्ट चर्च, ग्लोबल बिजनेस पार्क, कंपनी ने ये नाला पहले ही बांध कर लिया है. कंपनी की बाउंड्री केबी रोड तक जोड़ी गई है. इसके अलावा



नगरसेवकों के कार्यकाल में महात्मा गांधी विद्यालय के पीछे से बह रहे नाले को नगर परिषद ने पहले ही बांधा है. फातिमा रोड से महात्मा गांधी विद्यालय तक दुकानदारों ने पीचे से नाले पर बड़ी दीवार बना लिया है. केमिक्युब कंपनी भी अब नाले का प्रवाह बदलने का कार्य कर रहा है और जगह हड़पने का काम चालू है. इस बारे में यहां के व्यापारियों ने नपा प्रशासन से शिकायत भी की है. ऐसा शेख ने निवेदन में दर्ज करते हुए कहा है कि इस नाले का काम निजी कंपनियों ने पहले ही कर दिया है. इस काम में भ्रष्टाचार हो रहा है. ऐसा आरोप भी शेख ने किया है. इसलिए ठेकेदार द्वारा नहीं किए गए काम का बिल नपा के अभियंता मार्फत रेकार्ड किया जा रहा है. नाले के काम की पूरी जांच किए बिना ठेकेदार को बिल पार्ट बिल नहीं दिया जाए. वरना नियमानुसार कार्रवाई करने की बात अब्दुल शेख ने निवेदन में कहा है. उन्होंने जिलाधिकारी ठाणे, प्रधान सचिव और एंटी करप्शन ब्यूरो ठाणे को भी शिकायत की है.

# शराब के अड्डों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी



- आबकारी विभाग ने 33 लाख का माल जब्त किया
- 30 जगहों पर चलाया गया अभियान
- 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

**कल्याण.** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य उत्पाद शुल्क विभाग अब एक्शन मोड में है। बुधवार को कोंकण डिविजनल डिप्टी कमिश्नर प्रदीप पवार के नेतृत्व में ठाणे और मुंबई के 40 अधिकारियों ने गावठी शराब समेत 33 लाख का माल जब्त किया. इसमें दो को गिरफ्तार कर लिया गया है.

उपायुक्त प्रदीप पवार के मार्गदर्शन में, ठाणे अधीक्षक डॉ. नीलेश सांगड़े, मुंबई उपनगर के अधीक्षक नितिन घुले ने कल्याण, ठाणे और मुंबई के उपाधीक्षकों, निरीक्षकों और उप-निरीक्षकों सहित लगभग 40 अधिकारियों की एक टीम के साथ 20 मार्च 2024 को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच खरडी, दिवा खाडी क्षेत्र, अलीमघर, सरलाम्बे, वशाला, अंजूर, छोटी देसाई, बड़ी देसाई, अगासन, घेसर, द्वारली पाड़ा, मानेरागांव, कुंभारली, केवणी, कलवार, कारीवली, केशवश्रृष्टि आदि 30 जगहों पर यह अभियान चलाया गया. इस छापेमारी में 26 अड्डे लावारिस पाए गए. ग्रामीण शराब के अवैध निर्माण और बिक्री के 30 मामले दर्ज किये गये. दो को गिरफ्तार कर लिया गया है और दो फरार हैं. सूत्रों ने बताया कि गावठी दारू के उत्पादन के लिए आवश्यक 89 हजार 480 लीटर रसायन, 33 लाख 93 हजार 185 रुपये मूल्य की 105 लीटर गावठी शराब जब्त की गई है।

# ठाणे जिले के तापमान में बढ़ोतरी

- 39 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

**ठाणे.** पिछले कुछ दिनों में ठाणे में तापमान काफी बढ़ गया है. ओस गायब हो गई है और रात का तापमान भी 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है. गुरुवार को दोपहर तीन बजे के आसपास शहर का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा. गर्मी में बढ़ता पारा चिंता का विषय बनता जा रहा है और स्वास्थ्य विभाग ने सावधानी बरतने की अपील की है.



मार्च की शुरुआत में ही ठाणे शहर का तापमान कभी ठंडा तो कभी गर्म होने लगा था। मार्च के पहले सप्ताह में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया. इसलिए सुबह ठंड थी तो दोपहर में तेज गर्मी से नागरिकों को पसीना आने लगा। लेकिन पिछले कुछ दिनों से तापमान में फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है. अब देखा जा रहा है कि सुबह से रात तक तापमान बढ़ रहा है। स्कूली बच्चों की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं, ऐसे में उन्हें भी इस गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है।

वहीं, गुरुवार की दोपहर तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक चला गया. सुबह का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस था. दोपहर करीब डेढ़ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक तेज धूप खिली रही। कई लोगों के कदम कोल्ड ड्रिंक पीने की ओर बढ़ गए. रसवंती गृह में लोग गन्ने के रस का आनंद लेते दिखे। इस बढ़ते तापमान के कारण ठाणेकर के नागरिक अपने घरों और कार्यालयों में एसी में बैठकर ठंडी हवा में रहना पसंद कर रहे हैं। वातावरण में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील कर रहा है।

**गर्मी का ग्राफ**

| दिनांक | तापमान रिकार्ड (डि.से.) |
|---|---|
| 14 मार्च | - 34 |
| 15 मार्च | - 35 |
| 16 मार्च | - 32 |
| 17 मार्च | - 33 |
| 18 मार्च | - 32 |
| 19 मार्च | - 34 |
| 20 मार्च | - 38 |
| 21 मार्च | -39 |

# उल्हासनगर के कुछ इलाकों में पानी की कमी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप नंबर चार के सुभाष टेकड़ी दहा चाल सहित अन्य इलाकों में पानी की कमी हो गई है। इस इलाके की महिलाओं ने मंगलवार शाम को मोर्चा निकाला और जल वितरण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया.

कैंप नंबर 4 स्थित सुभाष टेकड़ी दहा चाल डिफेंस कॉलोनी और अन्य क्षेत्रों में समय पर पानी वितरण नहीं होने और कम दबाव से पानी वितरण की समस्या हो रही है। जल वितरण विभाग को कई बार शिकायत करने के बाद भी कर्मचारी अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो आखिरकार मंगलवार को आक्रोशित महिलाओं ने तक्षशिला पंप हाउस पर जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया. इस मामले में बुधवार को सिटीजन फाउंडेशन, इंगले के संजय वाघमारे भाई रोकड़े महेंद्र धांडे ने मनपा के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर को बयान देकर कमी प्रभावित इलाकों में पानी की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### प्रदूषण की गहराती समस्या

दिल्ली में अमूमन पूरे वर्ष प्रदूषण की गहराती समस्या को लेकर चिंता जताई जाती रहती है। इस संकट पर काबू पाने के लिए हर समय सरकार की ओर से कोई न कोई अभियान चलाया जाता है। मगर हालत यह है कि दिल्ली की हवा में शायद ही कभी सुधार होने की खबर आती है।

आए दिन यहां प्रदूषण की वजह से आम लोगों की सेहत के सामने कई तरह की मुश्किलें चिंता का कारण बनती है। अब एक बार फिर दुनिया भर में प्रदूषण के गहराते संकट के मद्देनजर किए गए एक अध्ययन में दिल्ली को दुनिया भर में सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाली राजधानी माना गया है।

स्विट्जरलैंड के एक संगठन 'आइक्यूएअर' की एक ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदूषित हवा के मामले में दुनिया भर में तमाम देशों की राजधानियों में दिल्ली सबसे ऊपर है और बिहार का बेगूसराय विश्व का सबसे प्रदूषित शहर है। रिपोर्ट के अनुसार, समूची दुनिया में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत तीसरे स्थान पर है, जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के मुकाबले हवा में पीएम-5 या सूक्ष्म जहरीले तत्त्वों की मात्रा दस गुना ज्यादा पाई गई है।

सवाल है कि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली में यह स्थिति बीते कई वर्षों से लगातार कैसे और क्यों बनी हुई है और प्रदूषण पर काबू पाने के लिए लगातार किए जाने वाले प्रयासों का हासिल आखिर क्या है? हालत यह है कि लोग साफ-साफ महसूस करते हैं कि हवा में घुले जहरीले तत्त्व से गहराते संकट की वजह से दम घुटने तक की नौबत आ जाती है और कई गंभीर बीमारियां हो रही हैं।

जाहिर है, ताजा रिपोर्ट के बाद प्रदूषण की गहराती समस्या और हवा में घुले विषैले तत्त्वों को लेकर एक बार फिर चिंता जताने का दौर शुरू होगा और नए उपायों पर विचार किया जाएगा। मगर विडंबना यह है कि बढ़ते प्रदूषण या हवा में जहरीले सूक्ष्म कणों के घुलने के वास्तविक स्रोतों की पहचान कर उस पर काबू पाने या रोक लगाने को लेकर शायद ही कोई ठोस कदम उठाने की कोशिश की जाती है। केवल औपचारिक या फिर दिखावे के अभियानों के जरिए दिल्ली या देश को प्रदूषण की चिंताजनक जकड़बंदी से कैसे बाहर लाया जा सकेगा?

# सामूहिक बलात्कार में 30 साल बाद मिला 'अधूरा न्याय'

नब्बे के दशक में पृथक राज्य के लिए भड़के उत्तराखण्ड आन्दोलन के दौरान मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा पर पुलिस द्वारा दुष्कर्म, छेड़छाड़ और लूटपाट के मामले में उन्नीसवीं सदी में 4 बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे विलियम एवार्ट ग्लेडस्टन द्वारा कही गई यह कहावत, कि न्याय में विलम्ब होना न्याय से वंचित होने के समान है, एकदम सटीक साबित हो गई है। इस मामले में मुजफ्फरनगर के सत्र न्यायाधीश-कोर्ट नंबर सात विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) ने पीएसी के दो सेवानिवृत्त जवानों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में पीड़िता को देने के आदेश दिए गए हैं। अक्तूबर 1994 में हुए रामपुर तिराहा कांड में यह पहला फैसला है। इस मामले में न्याय का एक छोटा सा अंश पाने में ही पूरे 30 साल लग गए। इस सजा के बाद भी आरोपियों के पास न्याय के लिए सुप्रीमकोर्ट तक जाने के लिए लम्बा वक्त बचा हुआ है। इतने बड़े और अभूतपूर्व कांड में केवल ये दो पुलिसकर्मी बलात्कारी नहीं थे। सीबीआई जांच में उत्तराखण्ड मूल के दो पुलिसकर्मी भी आरोपी थे जिन्हें राज्य के गठन के बाद सजा मिलने के बजाय तरक्कियां मिलती गईं।



दरअसल 2 अक्तूबर 1994 के मुजफ्फरनगर काण्ड के सिलसिले में मसूरी की उत्तराखण्ड संघर्ष समिति की ओर से याचिकाकर्ता- सुधीर थपलियाल, जोत सिंह एवं देवराज कपूर द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट में 7 अक्टूबर 1994 को न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि एस. धवन एवं न्यायमूर्ति ए.बी.श्रीवास्तव की बेंच में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर इलाहाबाद हाइकोर्ट ने पुलिस दमन को राज्य प्रायोजित आतंकवाद बताया था।

कोर्ट ने पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए सीबीआई को आदेश जारी किए थे और सीबीआई ने सम्पूर्ण उत्तराखण्ड आन्दोलन में पुलिस दमन की जांच कर अपनी रिपोर्ट कई खण्डों में अदालत में दाखिल की थी। उन्हीं में से एक रिपोर्ट में आंदोलनकारी महिलाओं के साथ दुष्कर्म, लज्जाभंग, घायल करने और लूटपाट का विस्तृत विवरण था जिसे जयसिंह रावत की सद्य प्रकाशित पुस्तक ''उत्तराखण्ड का नवीन राजनीतिक इतिहास'' में दिया गया है। उसी विवरण का एक छोटा सा अंश इस प्रकार हैः-

''सीबीआई की पहली रिपोर्ट के पृष्ठ 22 से लेकर 27 तक में बलात्कार एवं लज्जाभंग और छेड़छाड़ का विवरण दिया गया है। इसके समर्थन में संलग्नक भी दिए गए हैं। प्रथम रिपोर्ट के साथ लगे संलग्नक 6 भागों में तथा 391 पृष्ठों में हैं। इसके भाग तीन में गवाहों के बयान दर्ज हैं। इस रिपोर्ट के भाग तीन में बलात्कार एवं लज्जाभंग की शिकार महिलाओं और प्रत्यक्ष दर्शियों के बयान शामिल है। जिन महिलाओं के साथ बलात्कार एवं लज्जाभंग हुई थी उन्होंने जांचकर्ताओं से निवेदन किया कि लोकलाज के डर से वे अपना नाम सार्वजनिक नहीं करना चाहती हैं।

उनका यह भी कहना था कि उन्होंने घटना वाली रात के अपने वस्त्र वहीं कहीं फेंक दिए थे। उन्होंने इस मामले का ट्रायल भी सार्वजनिक तौर पर करने के बजाय कैमरे में करने का अनुरोध किया और अदालत भी यह उचित नहीं समझती कि उन बलात्कार की शिकार महिलाओं और गवाहों के नाम सार्वजनिक हों। बसों और गन्ने के खेतों में लूटीं महिलाओं की अस्मत उस रात पुलिस के बहसीपन पर सीबीआई द्वारा अपनी रिपोर्ट में दिए गए विवरण का एक छोटा सा अंश इस प्रकार हैः-

''...इन बसों से यात्रा कर रहीं 17 आन्दोलनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि उस रात पुलिसकर्मियों ने लाठी चार्ज करने के बाद उनसे छेड़छाड़ की और बड़ी संख्या में आन्दोलनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। लाठीचार्ज के बाद रैली वाले इधर-उधर तितर वितर हो गए थे। कुछ महिलाओं ने बताया कि कुछ पुलिसकर्मियों ने बसों में चढ़ कर महिलाओं से छेड़छाड़ की। कुछ ने कहा कि उनके साथ पुलिसकर्मियों द्वारा बलात्कार किया गया। इनमें से 3 महिलाओं ने कहा कि उनके साथ बसों के अन्दर ही बलात्कार किया गया, जबकि 4 अन्य का आरोप था कि उन्हें बसों से खींच कर नजदीक गन्ने के खेतों में ले जाया गया और वहां बलात्कार किया गया। ये सारी वारदातें मध्य रात्रि 12 बजे से लेकर 2 अक्तूबर सुबह 3 बजे के बीच हुईं।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास के द्वारा हम शांति प्राप्त कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने में पुलिस नाकाम

उत्तर प्रदेश के बदायूं में दो बच्चों की हत्या के मामले को किसी आम आपराधिक घटना की तरह ही देखा जाएगा और अब एक औपचारिकता के तहत कानून अपना काम करेगा। मगर सवाल है कि राज्य की कानून व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव लाने के दावे के समांतर वहां अपराध की तस्वीर इतनी परेशान करने वाली क्यों है।कई अपराधों की प्रकृति को देखते हुए ऐसा लगता है मानो अपराधी के भीतर कानून-व्यवस्था या पुलिस का कोई खौफ नहीं था और वारदात को अंजाम देने में उसे कोई बाधा पेश नहीं आई। खबरों के मुताबिक, मंगलवार की शाम को बदायूं में दो युवक पड़ोस के ही एक परिचित के घर में पैसे मांगने का बहाना बना कर घुसे और तीन बच्चों पर चाकू से हमला किया।

दो बच्चों की हत्या कर दी गई, मगर तीसरा बच्चा किसी तरह वहां से भाग गया। फिर आरोपी वहां से फरार भी हो गए। हालांकि घटना के तूल पकड़ने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और मुख्य आरोपी एक मुठभेड़ में मारा गया और उसके दो रिश्तेदारों को भी पकड़ा गया है। सवाल है कि सोच-समझ कर इतनी वीभत्स वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी के भीतर पुलिस और कानूनी कार्रवाई का खयाल तक क्यों नहीं आया।

अगर कानून व्यवस्था चौकस होती है तो उसका असर भी दिखता है और अपराधी अपनी मंशा पूरी करने से पहले हिचकते हैं। सिर्फ इतने भर से अपराधों की तादाद में भारी कमी लाई जा सकती है। बदायूं में हत्या के बाद कार्रवाई करने को लेकर पुलिस जितनी चुस्त दिखी, उतनी सक्रियता आमतौर पर क्यों नहीं दिखती कि आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों के भीतर कोई डर बैठे? विचित्र है कि



उत्तर प्रदेश में पिछले कई वर्षों से लगातार यह दावा किया जाता रहा है कि वहां हर स्तर पर अपराध के खिलाफ सबसे सख्त अभियान चलाया गया है और अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं।

जबकि हकीकत यह है कि राज्य में आए दिन होने वाले अपराध और उनकी प्रकृति सरकारी दावों को आईना दिखाते हैं कि वहां कानून-व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता का स्तर क्या है। करीब साढ़े तीन महीने पहले राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी ने अपनी रपट में बताया था कि हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे जघन्य अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बेहद चिंताजनक है। खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में राज्य की स्थिति बेहद अफसोसनाक थी।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में हत्या की ज्यादातर घटनाओं का कारण आपसी विवाद था। इसका मतलब यह भी है कि एक ओर इस तरह के विवादों को शुरुआती स्तर पर निपटाने और उसे अपराध में तब्दील होने से रोकने के लिए राज्य के पास कोई तंत्र नहीं है। वहीं छोटी बातों पर हत्या तक कर डालने वालों के भीतर कानून-व्यवस्था या पुलिस का खौफ नहीं है।

राज्य में सत्ता परिवर्तन में एक मुख्य मुद्दा बेलगाम अपराध था और उससे छुटकारा दिलाने के भरोसे पर ही आम लोगों ने भाजपा को राज सौंपा था। सरकार की ओर से राज्य में अपराध के खात्मे को लेकर जिस तरह के दावे किए जाते रहे हैं, उसके मुताबिक वहां अब तक आम लोगों को आपराधिक घटनाओं से राहत मिल चुकी होती। मगर हालत यह है कि जिन लोगों का किसी से कोई विवाद नहीं रहा होता है, आपराधिक मानसिकता के लोग उन्हें भी शिकार बनाने से नहीं हिचकते।

# 400 साल पुराना जहर को पहचानने वाला गिलास!

**जरा हट के**

मुगल काल में राजा-महाराजा ऐसी वस्तुओं का इस्तेमाल करते थे, जिससे उनको कोई मार न सके. उस दौरान ऐसी तकनीक इस्तेमाल होता था, जो आज शायद ही कहीं देखने को मिले. ऐसा ही एक गिलास था, जो जहर पहचान सकता था. यह गिलास कासा-कांच से बनाया जाता था. इस गिलास में चारों ओर से कासा होता था और अंदर कांच लगा होता था. यह कांच जहर को पहचान लेता था. अगर कोई पानी या किसी पेय पदार्थ में जहर मिलाकर देता था तो ये गिलास साजिश का पर्दाफाश कर देता था. मुगल काल की इस निशानी को आज भी बुरहानपुर में संग्रहकर्ताओं ने संभाल कर रखा हुआ है.

पुरातत्व संग्रहणकर्ता और वैद्य डॉ. सुभाष माने ने लोकल 18 को बताया कि यह मुगल काल का 400 साल पुराना गिलास है, जो कासा धातु से बना होता था. इसके अंदर एक



कांच लगा होता है. यह कांच जहर को पहचान लेता है. यदि पानी के साथ राजाओं को कोई कीटनाशक या जहर मिलाकर देता था तो गिलास में नीचे से अलग ही रंग दिखने लगता था, जिससे उनको साजिश का पता चल जाता था. राजा-महाराजा के समय में अक्सर जहर देकर मारने की साजिश रची जाती थी. ऐसे में गिलास काफी उपयोगी होता था.

### गिलास के नीचे से आता था रंग

इस गिलास में यदि पानी के साथ जहर या कीटनाशक मिलाया जाता है तो जब कांच से आप देखते हैं तो उसमें हरा या लाल रंग नजर आने लगता है. इससे पुष्टि होती है कि इस पानी में कुछ मिलाया गया है. पहचान होने के बाद लोग इस पानी को नहीं पीते थे, जिससे उनकी जान बच जाती थी.

मुगल काल के कलाकारों ने इस गिलास पर शाहजहां और मुमताज की तस्वीर टकसाल से उकेरी है. इस गिलास की लंबाई आधा फीट की है. इसमें आधा लीटर पानी आता है. पुरातत्व संग्रहणकर्ता वैद्य डॉ. सुभाष माने 40 साल से पुरातत्व की वस्तुओं का संग्रह कर रहे हैं. वह स्कूली विद्यार्थियों को इस बारे में निशुल्क जानकारी भी देते हैं.

# दही भल्ले

**खाना-खजाना**

**सामग्री :**

- 2/3 कप उड़द दाल
- 1/3 कप मूंग दाल
- 8 किशमिश
- 2 कटी हुई हरी मिर्च
- 1 कटा हुआ अदरक का टुकड़ा
- 1/4 छोटा चम्मच हींग
- 300 ग्राम दही
- 1 बड़ा चम्मच पिसी हुई चीनी
- 1/2 छोटा चम्मच भुना हुआ जीरा
- 1/4 छोटा चम्मच काला नमक
- 1/4 छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच मीठा चटनी
- 1 बड़ा चम्मच हरी चटनी
- तलने के लिए तेल

**विधि :**

सबसे पहले उड़द और मूंग दाल को अलग-अलग करीब 5 घंटे के लिए भिगो दें। अब उड़द दाल से पूरी तरह पानी निकाल लें और मिक्सर जार में बारीक पीस लें। इसी तरह मूंग दाल से भी पानी निकाल कर बारीक पीस लें। अब इसमें उड़द और मूंग दाल का पेस्ट मिलाकर अच्छे से फेंट लें। इस पेस्ट को करीब 10 मिनट तक फेंटें। बैटर अच्छे से फेंटा है या नहीं, इसे जांचने के लिए इसे पानी



में डालें और चेक करें। अगर बैटर पानी में ऊपर तैरने लगे तो इसका मतलब है कि वह अच्छे से फेंट गया है। अब इस पेस्ट में किशमिश, हरी मिर्च, अदरक डालें और थोड़ा और फेंटें। अब एक बर्तन में लगभग 1 लीटर सामान्य पानी, 1 गिलास गर्म पानी और हींग डालें। एक पैन में तेल गर्म करें और भल्लों को तेल में डालें। अब भल्लों पर कलछी से तेल डालें और अच्छे से फूलने तक तलें। जब भल्ले सुनहरे भूरे रंग के हो जाएं, तो उन्हें तेल से निकाल लें। अब सभी भल्लों को तुरंत पानी में डालें और आधे घंटे के लिए ऐसे ही रहने दें। अब भल्लों के लिए दही का मिश्रण तैयार करें और इसके लिए दही में पिसी हुई चीनी मिलाएं। अब सर्व करने के पहले भल्लों को हल्का सा दबा कर पानी से निकाल लें।

अब भल्लों को बाउल में रखें, ऊपर से दही, जीरा पाउडर, काली मिर्च पाउडर, काला नमक, मीठी और हरी चटनी डालकर सर्व करें।

# घर में हर्बल गुलाल बनाने की आसान सी ट्रिक

मार्केट में ढेर सारे होली के रंग मिलते हैं। लेकिन इनमे तरह-तरह के केमिकल मिले होते हैं। ऐसे में होली खेलने पर स्किन पर बुरा असर पड़ सकता है। स्किन की सुरक्षा के लिए हर्बल रंग सेफ रहता है। लेकिन अगर आपको मार्केट वाले हर्बल रंग नहीं चाहिए। घर में भी इन गुलाल को बना सकते हैं। तो चलिए जानें होली पर घर में ही हर्बल गुलाल बनाने का आसान तरीका।

### हर्बल गुलाल बनाने के लिए ट्रिक

घर में हर्बल गुलाल बनाने के लिए दो चीजों को मिक्स करें। बेबी टेलकम पाउडर और कॉर्न स्टॉर्च। इन दोनों चीजों तो बराबर मात्रा में लेकर मिक्स कर लें। आप चाहें तो बेबी पाउडर की मात्रा ज्यादा रख सकते हैं। ये स्किन को नुकसान नहीं करेंगी और आसानी से हर्बल गुलाल बनकर तैयार हो जाएगा।



### हर्बल कलर बनाने के लिए क्या करें

**लाल हर्बल कलर गुलाल**

लाल रंग बनाने के लिए चुकंदर को पीसकर गाढ़ा घोल बना लें। अब कॉर्नस्टॉर्च में गुलाबजल मिक्स करें। साथ में थोड़ी-थोड़ी मात्रा में गाढ़ा चुकंदर का घोल डालकर मिक्स करें। ध्यान रखें कि कॉर्नस्टार्च बहुत गीला ना हो। जब कलर आ जाए तो इसे थोड़ी देर फैलाकर रख दें। जिससे कि गीलापन निकल जाए। बस तैयार है लाल रंग का हर्बल गुलाल।

**पीला हर्बल गुलाल**

पीला रंग का हर्बल गुलाल बनाने के लिए हल्दी पाउडर में पानी डालकर गाढ़ा घोल तैयार करें। अब बेबी टेलकम पाउडर में इस गाढ़े घोल को थोड़ा-थोड़ा करके डालें और पीला रंग आने तक मिक्स करें। फिर कागज पर फैलाकर इसे सूख जाने दें। ध्यान रहे कि हर्बल रंग होने की वजह से इनका रंग थोड़ा फीका ही होगा।

**हरा हर्बल रंग**

हरा हर्बल रंग बनाने के लिए किसी भी हरी पत्तेदार सब्जी या केवल पालक को लेकर पीस लें और गाढ़ा घोल बनाएं। कॉर्न स्टार्च और टेलकम पाउडर के मिक्सचर में इस घोल को मिलाएं। साथ में दो से चार बूंद गुलाबजल की डाल दें। अच्छी तरह से मिक्स करें और कागज पर रखकर सुखाएं। बस तैयार है हर्बल कलर। ये तीन कलर आसानी से और घर में आराम से बन जाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार–व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**वृषभ :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर–बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार–प्रसार से दूर रहें।

**कर्क :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार–व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह–कलेश का माहौल रह सकता है।

**सिंह :** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ–परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**कन्या :** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

**तुला :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

**वृश्चिक :** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान–पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

**धनु :** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र–मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**मकर :** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख–संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे–संबंधी मिलेंगे।

**कुंभ :** प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार–व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**मीन :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# स्वाद ही नहीं, सेहत के लिए भी फायदेमंद है काला नमक




**घर की रसोई को औषधियों का खजाना माना जाता है. यहां रखीं चीजें न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाती है, बल्कि बीमारी में भी काम आती हैं. ऐसी ही कारगर चीजों में काला नमक और हींग भी है. वैसे तो इन दोनों चीजों को सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए ही जाना जाता है. लेकिन, इन दोनों चीजों का कॉम्बिनेशन कर दिया जाए तो ये सेहत के लिए बड़ी औषधि बन जाती है. जी हां, काला नमक और हींग का एक साथ सेवन करने से पेट से संबंधित परेशानियों से निजात मिल सकती है. अब सवाल है कि आखिर काला नमक और हींग कैसे फायदेमंद? किन परेशानियों से दिलाती है निजात? इस बारे में बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ के आयुर्वेदाचार्य डॉ. जितेंद्र शर्मा ने विस्तार से बताया...**

**पाचन दुरुस्त रखे:** डॉ. जितेंद्र शर्मा बताते हैं कि पेट से जुड़ी परेशानियों को कम करने के लिए काला नमक और हींग बहुत फायदेमंद माना जाता है. दरअसल, काला नमक और हींग में मौजूद गुण आपके गट हेल्थ में सुधार करते हैं. इसलिए इन दोनों चीजों को एक साथ खाने से पाचन संबंधी विकारों को दूर करने में मदद मिल सकती है.

**जी मिचलाना रोके:** काला नमक और हींग जी मिचलाने की समस्या से राहत पाने का शानदार ऑप्शन है. इन दोनों चीजों का सेवन करने से पाचन क्रिया तेज होती है. साथ ही उल्टी और जी मिचलाने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है. इसको सेवन करने के लिए हींग और काला नमक गुनगुने पानी में मिक्स करके पिएं.

**ब्लोटिंग से राहत:** एक्सपर्ट के मुताबिक, हींग और काला नमक का एक साथ सेवन करने से ब्लोटिंग की परेशानी को कम किया जा सकता है. दरअसल, हींग और काला नमक एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी का काफी अच्छा स्रोत होते हैं, जो ब्लोटिंग और एसिडीटी की समस्या को दूर करने की क्षमता रखते हैं.

**बॉडी डिटॉक्स करे:** हींग और काला नमक का एक साथ सेवन करने से शरीर की विषाक्तता को कम किया जा सकता है. इसके लिए सबसे पहले 1 गिलास गुनगुना पानी लें, इसमें चुटकीभर हींग और काला नमक मिक्स कर लें. अब इस पानी का सेवन करें. इससे शरीर की विषाक्तता को कम करने में काफी हद तक मदद मिल सकती है.

**वजन कंट्रोल करे:** आयुर्वेदाचार्य के अनुसार, शरीर के बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए हींग और काला नमक का सेवन करें. हींग और काला नमक आपके मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है, जिससे आपके वजन को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है. अगर आपका वजन बिना वजह काफी ज्यादा बढ़ रहा है, तो हींग और काला नमक का सेवन करें.

# हड्डियों को भी मजबूत बनाए रखता है कच्चे पनीर का सेवन



लंच को स्पेशल बनाना हो या पार्टी फूड मेन्यू करना हो प्लान, पनीर से बनी डिशेज सबकी फेवरेट होती हैं। पनीर का स्वाद हर उम्र के लोगों को पसंद होता है। पनीर में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, हेल्दी फैट्स, प्रोटीन, कैल्शियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस, जिंक, मैग्नीशियम, सेलेनियम आदि पोषक तत्व प्रचूर मात्रा में मौजूद होते हैं। जो जीएलपी-1, पीवाईवाई और सीसीके हॉर्मोन को बढ़ाने में भी मदद करता है। ये हॉर्मोन शरीर के लिए बेहद जरूरी होते हैं और लंबे समय तक पेट को भरा रखने में मदद करते हैं। सेहत के लिए पनीर को पकाकर खाने के फायदे तो ज्यादातर सभी लोग जानते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कच्चे पनीर का सेवन भी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आइए जानते हैं इसके गजब के फायदे।

## कच्चा पनीर खाने के फायदे

### बेहतर पाचन

पेट की सेहत और बेहतर पाचन के लिए कच्चा पनीर का सेवन अच्छा माना जाता है। कच्चा पनीर कब्ज और पेट संबंधी समस्याओं को दूर करते हुए पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है।

### ब्लड प्रेशर कंट्रोल

पनीर में पोटेशियम,कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। जिनका सेवन करने पर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या कंट्रोल रहती है। बीपी रोगियों को ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने के लिए रोजाना अपनी डाइट में कच्चा पनीर शामिल करना चाहिए।

### त्वचा के लिए फायदेमंद

पनीर में मौजूद विटामिन ए, विटामिन ई और एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण सेहत के साथ त्वचा के लिए भी अच्छे माने जाते हैं। इसका सेवन करने से स्किन संबंधी समस्याओं को दूर रखने में मदद मिलती है।

### हड्डियों को बनाएं मजबूत

पनीर में कैल्शियम और फॉस्फोरस की अच्छी मात्रा मौजूद होती है। इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के साथ जोड़ों का दर्द भी दूर रखता है।

### एनर्जी

पनीर में पर्याप्त मात्रा में मौजूद प्रोटीन मसल्स गेन के लिए अच्छा उपाय है। यह शरीर को एनर्जी देने के साथ दिनभर की थकान और कमजोरी को दूर करने में मदद करता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### डायल 112 पर शिकायत की तो भड़क गई पुलिस, थाने ले जाकर बुरी तरह पीटा

**मैनपुरी.** मैनपुरी में एक युवती को डायल 112 पर शिकायत करना भारी पड़ गया। शिकायत करने से पुलिसकर्मी इस कदर नाराज हो गए कि वह युवती को जबरदस्ती गाड़ी में बिठा ले गए। युवती चिल्लाती रही लेकिन पुलिसकर्मी नहीं माने। पुलिसकर्मियों ने युवती को थाने ले जाकर बुरी तरह से युवती के साथ मारपीट की। एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गजा सिंह निवासी अखिलेश कुमारी पत्नी दुर्विजय सिंह ने बुधवार को कलक्ट्रेट जाकर एसपी को शिकायती पत्र दिया। जानकारी दी कि उसके पति पीआरडी में कार्यरत हैं। 17 मार्च की सुबह 7 बजे वह झाड़ू लगा रही थी तभी पड़ोसी जयसिंह पुत्र छोटेलाल ने अपने पालतू कुत्ते को उसके घर की तरफ छोड़ दिया। जब उसने विरोध किया तो जयसिंह तथा उसके परिजनों ने लात-घूंसों से उसे मारा। बचाने आई बेटी रंगोली से भी मारपीट की। शिकायत करने पर एलाऊ थाना प्रभारी सविता सेंगर ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझौता करा दिया।

### लखनऊ में रिटायर्ड अधिकारी का कार में मिला शव, एक दिन पहले से थे लापता

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक रिटायर्ड अधिकारी का कार में शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेजा है। पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला है कि एक दिन पहले से वह लापता चल रहे थे। उनकी खोजबीन की जा रही थी लेकिन इससे पहले ही उनका शव बरामद हो गया। गुडम्बा के गायत्रीपुरम कॉलोनी के रहने वाले 60 वर्षीय मनोज कुमार श्रीवास्तव रिटायर्ड अधिकारी हैं।

### पड़ोसी को फंसाने वाली मां ने ही की थी बेटी की हत्या, इस बात को लेकर थी नाराज

**फतेहपुर.** फतेहपुर में बेटी ने मां की इच्छा से शादी करने से मना कर दिया तो गुस्से में मां ने उसे गला दबाकर मार डाला। जुर्म छिपाने को डीजल डाल कर बेटी को फूंक दिया और पड़ोसियों की छेड़छाड़ से आहत होने पर बेटी द्वारा खुदकुशी करने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। जांच में नामजद युवकों की लोकेशन दूर निकली तो संदेह बढ़ा। पूछताछ में मां टूट गई और जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। शनिवार को हुसैनगंज थाना के अभैया लक्ष्मणपुर निवासी 18 वर्षीया ईशा यादव का जला शव घर के अंदर पाया गया था।

### दुल्हन ने रचा ब्लैकमेल का खेल उड़े दूल्हे के होश, शादीशुदा निकली पत्नी; हड़पे लाखों

यूपी के इस शहर में रहने वाली दुल्हन की इस करतूत से ससुराल वालों के होश उड़ गए। मायके पहुंचने के बाद दुल्हन ने अपना असली रंग दिखाया। दूल्हे के पक्ष के लोगों को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पूरा मामला जानने के बाद तो पुलिस भी हैरान रह गई। दुल्हन ने शादी का ढोंग रचकर एक परिवार को ब्लैकमेल किया। बाद में वह गहने लेकर मायके चली गई। इसके बाद ब्लैकमेल कर आठ लाख की मांग की। आरोपी महिला और उसके परिवार के खिलाफ पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि पंकज सिंह निवासी कारगी चौक ने तहरीर दी। पंकज की शादी 22 अप्रैल 2022 को अंकिता यादव निवासी यूपी के शाहजहांपुर के साथ हुई थी। शादी के बाद अंकिता 15 दिन दून स्थित ससुराल में रही।

# विकसित भारत मैसेज रोकें

- चुनाव आयोग का केंद्र को निर्देश
- 4 राज्यों के 8 कलेक्टर-8 SP का भी ट्रांसफर
- इनमें असम CM के भाई भी शामिल




**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने गुरुवार (21 मार्च) को तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (IT मिनिस्ट्री) को वॉट्सऐप पर भेजे जा रहे विकसित भारत मैसेज तुरंत रोकने का निर्देश दिया है।

आयोग को शिकायत मिली थी कि लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार की योजनाएं बताने वाले मैसेज आम लोगों को भेजे जा रहे हैं।

हालांकि, मंत्रालय ने आयोग को दिए जवाब में कहा था कि ये मैसेज आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे, लेकिन ये सिस्टम और नेटवर्क इश्यू की वजह से देर से पहुंचे हैं।

इससे पहले, आयोग ने 4 राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और असम में नॉन कैडर अधिकारियों के ट्रांसफर ऑर्डर जारी किए। इनमें 8 कलेक्टर और 8 SP शामिल हैं।

असम में CM हिमंता बिस्वा सरमा के भाई SP सोनितपुर सुशांत बिस्वा सरमा और पंजाब में खडूर साहिब से कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल के भाई SSP भटिंडा हरनानबीर सिंह गिल को हटाया है।

### पीएम मोदी के खिलाफ दर्ज हो चुकी हैं आचार संहिता उल्लंघन की दो शिकायतें

चुनाव आयोग ने 16 मार्च को 7 चरणों में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। जिसके तुरंत बाद ही आचार संहिता लागू हो चुकी है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर होना है। आचार संहिता लागू होने के साथ ही इसके उल्लंघन की शिकायतें भी दर्ज होने लगी हैं। पीएम मोदी के खिलाफ तो 24 घंटे में 2 शिकायतें आयोग तक पहुंच चुकी हैं।

# इंदिरा और राजीव की विरासत का अपमान है जाति जनगणना

### राहुल गांधी पर आनंद शर्मा का बड़ा हमला





**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आई गई है। पूरे देश में जाति जनगणना (कास्ट सेंसस) कराने का वादा कर रहे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अपनी ही पार्टी के एक बड़े नेता से विरोध का सामना करना पड़ा है। दरअसल जाति जनगणना की मांग के साथ राहुल गांधी लोगों से वादा कर रहे हैं कि अगर सत्ता में आए तो वे खुद इसे कराएंगे। अब उनकी इस मांग को लेकर राहुल गांधी पर पूर्व कैबिनेट मंत्री आनंद शर्मा ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 'जाति गनगणना कोई रामबाण नहीं है।' उन्होंने इसे 'इंदिरा और राजीव गांधी की विरासत का अपमान' बताया।

पार्टी के वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि कांग्रेस ने कभी भी पहचान की राजनीति नहीं की है और न ही इसका समर्थन किया है। आनंद शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर कहा है कि जाति जनगणना की मांग को पार्टी के पूर्व नेताओं और इंदिरा गांधी व राजीव गांधी जैसे पूर्व प्रधानमंत्रियों का अनादर करने के रूप में समझा जा सकता है।

बता दें कि कांग्रेस पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी' दी है। खुद खरगे ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत आने वाली गारंटी गिनाते हुए कहा था, ₹कांग्रेस पार्टी एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक व जाति जनगणना की गारंटी देती है। इसके माध्यम से सभी जातियों व समुदायों की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, राष्ट्रीय संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी और शासन से संबंधित संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का सर्वेक्षण किया जाएगा।₹ इस मुद्दे पर कांग्रेस के अंदरखाने कलह साफ नजर आ रही है।

### फिरौती के लिए चाचा ने ही भतीजी को अगवा कर की हत्या

**आगरा.** आगरा में थाना बाह क्षेत्र के गांव फरैरा में अपहरण के बाद छह साल की बच्ची की हत्या कर उसका शव जंगल में फेंक दिया गया। आरोपियों ने कर्ज चुकाने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया। छह लाख की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने सर्विलांस टीम और एसओजी की मदद से दो युवकों को हिरासत में लिया है। आरोपियों में से एक बच्ची का चाचा लगता है। उसने बच्ची की हत्या की बात स्वीकारी है। बुधवार देर शाम बच्ची का शव पुलिस ने बरामद किया है। फरैरा गांव के हरेंद्र सिंह की छह साल की बच्ची पल्लवी घर के बाहर से खेलते समय अचानक लापता हो गई थी। वह कक्षा दो की छात्रा थी। परिजनों ने बाह थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया गया है कि सोमवार देर शाम को ही पल्लवी के बाबा हुकुम सिंह को फिरौती के लिए फोन आया तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

## बदायूं डबल मर्डर का दूसरा आरोपी जावेद बरेली से गिरफ्तार

बदायूं डबल मर्डर केस में 2 दिनों से फरार चल रहे आरोपी जावेद को पुलिस ने बरेली से अरेस्ट कर लिया है। वह बरेली से पीलीभीत के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में था। उसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें वो कह रहा है, 'मैं सरेंडर करने बरेली आया हूं। मेरा हत्याकांड से कोई लेना-देना नहीं है, जो किया है, वो मेरे भाई ने किया है।'

पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। जावेद और उसके भाई साजिद ने 19 मार्च की शाम बदायूं की बाबा कॉलोनी में 2 सगे भाइयों की जानवर काटने वाले चाकू से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। बच्चों की उम्र 13 और 6 साल थी।

वारदात से गुस्साई भीड़ ने जमकर हंगामा किया था। आरोपियों की बाइक और दुकान में तोड़फोड़ की थी। वारदात के 3 घंटे बाद पुलिस ने आरोपी साजिद को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। 20 मार्च को मारे गए दोनों बच्चों का पोस्टमॉर्टम हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, 13 साल के बच्चे के शरीर पर 9 घाव मिले, जबकि 6 साल के बच्चे के शरीर पर 11 घाव मिले हैं। दोनों के गले, हाथ, गर्दन, सीने और पेट पर चाकू से वार किए गए।

# कोर्ट ने देखी ED की फाइल - केजरीवाल गिरफ्तारी से नहीं दी राहत




**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लगातार दूसरे दिन हाई कोर्ट से झटका लगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें राहत देने से इनकार किया। कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोक लगान से साफ इनकार कर दिया। इससे पहले जजों ने चैंबर में मंगलवार केजरीवाल के खिलाफ सबूतों की फाइल भी देखी। केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस में 9 समन को दरकिनार कर चुके हैं और उन्हें गिरफ्तारी की आशंका सता रही है। कोर्ट ने कहा कि इस स्तर पर हम अंतरिम राहत देने के इच्छुक नहीं हैं। अदालत ने इस नई अंतरिम याचिका पर ईडी से जवाब मांगा और मामले को 22 अप्रैल 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की अदालत में अरविंद केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी पेश हुए। वहीं, ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं।

सिंघवी ने दिल्ली सीएम के लिए दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण की मांग की। ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि केजरीवाल की इस एप्लीकेशन को मुख्य मामले के साथ ही सुना जाना चाहिए। इस पर आज सुनवाई नहीं हो सकती, इसे मुख्य मामले के साथ ही सुनना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि ईडी जवाब दाखिल करने में चाहे जितना समय ले, केजरीवाल के खिलाफ तब तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। एएसजी एसवी राजू ने कहा कि पहले यह तय हो कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं।

### बदायूं में भाई की फावड़ा मारकर की हत्या

**बदायूं.** बदायूं में एक और हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां आपसी विवाद में भाई की सोते समय फावड़ा मारकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात हजरतपुर थाना क्षेत्र के नगरिया खन्नू में बीती रात हुई। हत्या के इलाके में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कर रही है।

हजरत क्षेत्र के ग्राम नगरिया खन्नू में दो सगे भाई पप्पू यादव व रामस्वरूप यादव में कहासुनी हो गई थी। जिसके रामस्वरूप खेत पर चला गया। कहासुनी के बाद पप्पू घर में सो गया। रात के समय रामस्वरूर वापस लैटा और सो रहे भाई पप्पू 22 वर्ष पर फाबड़ा से हमला कर दिया। फावड़ा के कई वार करने से पप्पू की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात की सूचना पर थाना पुलिस व पुलिस क्षेत्र अधिकारी केके तिवारी मौके पर जा पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

- कहा- चुनाव नजदीक, नए कानून पर रोक लगाई तो सिस्टम बिखर जाएगा



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने दो नए चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर रोक लगाने वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि 2023 का फैसला नहीं कहता कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए सिलेक्शन पैनल में ज्यूडीशियल मेंबर होना चाहिए।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने कहा कि वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति अधिनियम 2023 पर फिलहाल रोक नहीं लगा सकती, क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल जाएगी। नए चुनाव आयुक्तों के खिलाफ भी कोई आरोप नहीं हैं। हालांकि कोर्ट ने कानून को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं की जांच करने का आश्वासन दिया है।

बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा कि सिलेक्शन पैनल को उम्मीदवारों के नाम पर विचार करने के लिए वक्त क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने 2023 अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी।

इससे पहले केंद्र सरकार ने बुधवार 20 मार्च को हलफनामा दायर किया था। सरकार ने कहा था कि ये दलील गलत है कि किसी संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता तभी होगी, जब सिलेक्शन पैनल में कोई ज्युडिशियल मेंबर जुड़े। इलेक्शन कमीशन एक स्वतंत्र संस्था है। याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर और **NGO** एशियन डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (**ADR**) ने दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 12 जनवरी को सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। पूर्व चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे और अनूप पांडे के रिटायरमेंट के बाद नए कानून के अनुसार 2 नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति 14 मार्च को हुई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच के 2023 के फैसले में यह कहीं नहीं कहा गया था कि नए कानून में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन पैनल में ज्यूडीशियरी से एक सदस्य होना जरूरी है।

# केवल इमामों को वेतन क्यों?

- PIL पर कोर्ट ने AAP सरकार से मांगा जवाब, नसीहत भी दी

**नई दिल्ली.** हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और दिल्ली वक्फ बोर्ड को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। इस पीआईएल में सराकारी पैसों से इमामों और मुअज्जिनों को वेतन देने की नीति को चुनौती दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 22 जुलाई को होगी।

बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने कहा कि यदि एक संस्था को मदद दी जाती है तो दूसरे धार्मिक संस्थाएं भी आर्थिक मदद मांगने के लिए कल आगे आ सकती हैं। बेंच ने कहा, 'यदि यह एक धर्म के साथ किया जाता है तो दूसरे भी आगे आएंगे और कहेंगे कि हमें सब्सिडी दीजिए। क्या कहां खत्म होगा। ये वो लोग नहीं हैं जो राज्य के लिए काम कर रहे हैं। साउथ इंडिया में या देश के दूसरे हिस्सों में जाइए और आप दखेंगे कि धार्मिक संस्थाएं बड़ी भूमिकाएं निभाती हैं। यदि आप प्राचीन भारत के बारे में पढ़ेंगे पूरी अर्थव्यवस्था मंदिरों के ईर्दगिर्द घूमती है। सभी संस्थाएं समान हैं।' कोर्ट ने दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पक्षकार बनाया और सभी पक्षों को चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। याचिकाकर्ता वकील रुकमणि सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान कहता है कि राज्य को सेक्युलर रहना है और इसलिए एक धर्म के लोगों को वेतन/मानदेय देने की दिल्ली सरकार की नीति संविधान के खिलाफ है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील सौरभ कृपाल ने दलील दी कि दिल्ली सरकार की नीति संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 266 और 282 के खिलाफ है क्योंकि एक विशेष धर्म के लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है और पैसे दिए जाते हैं।

# मॉल की तीसरी मंजिल से गिरकर बच्चे की मौत

- रायपुर में पिता की गोद से फिसला मासूम
- ऐस्कलेटर में चढ़ने के दौरान हुआ हादसा



**अस्पताल ले जाया लेकिन बच्चे ने तोड़ा दम**

**रायपुर.** राजधानी रायपुर के सिटी सेंटर मॉल में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया है। तीसरे माले से करीब एक साल का मासूम शख्स के हाथ से छूट के नीचे गिर गया। इसका CCTV वीडियो भी सामने आया है। बच्चे को अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामला देवेंद्र नगर थाना इलाके का है। वीडियो में दिख रहा है कि 2 लोग मॉल में घूम रहे होते हैं जिसमें से एक के गोद में वह बच्चा था। वहीं एक और बच्चे को ऐस्कलेटर में चढ़ाने के लिए शख्स ने एक हाथ बढ़ाया इसी दौरान गोद से मासूम फिसल गया और नीचे गिर रहा।

बताया जा रहा है कि बच्चे के पिता का नाम राजन कुमार है और बच्चे का नाम राजवीर कुमार है। पेरेंट्स झारखंड नंबर प्लेट की गाड़ी से मॉल पहुंचे थे। इस दर्दनाक हादसे के बाद पेरेंट्स मासूम को लेकर बैरन बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में देवेंद्र नगर पुलिस जांच में जुट गई है।

# एमएस धोनी ने छोड़ी CSK की कप्तानी





- ऋतुराज गायकवाड़ को मिली टीम की कमान

आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपर किंग्स ने आगामी आईपीएल सीजन से पहले टीम में बड़ा बदलाव किया है। एमएस धोनी की जगह सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ (Ruturaj Gaikwad) चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान बन गए हैं। आईपीएल के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इसकी पुष्टि की। इससे पहले एमएस धोनी ने आईपीएल 2022 से पहले सीएसके की कप्तानी छोड़ी थी लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उन्होंने टूर्नामेंट के बीच में फिर से टीम की कप्तानी की थी।

एमएस धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच खिताब जीते हैं। पिछले सीजन चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में ही गुजरात टाइटंस को हराकर पांचवीं बार खिताब जीता था। हालांकि धोनी ने अपने संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि वह अगले सीजन (आईपीएल 2024) भी खेलेंगे। लेकिन फैंस को उन्होंने सीजन के शुरू होने से ठीक कुछ घंटे पहले ही बड़ा झटका दिया है। वह सीएसके की कैप्टेंसी से हट गए हैं।

# PIB की फैक्ट चेक यूनिट बंद करें: SC

### ये अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ; केंद्र ने इसे एक दिन पहले बनाया था




**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (PIB) के तहत फैक्ट चेक यूनिट बनाने को लेकर केंद्र की अधिसूचना पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस फैक्ट चेक यूनिट को केंद्र सरकार के बारे में फर्जी खबरों की पहचान करने और उसे रोकने के लिए बनाया गया था।

CJI चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें फैक्ट चेकिंग यूनिट बनाने पर रोक लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (Meity) ने 20 मार्च को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत फैक्ट चेक यूनिट को अधिसूचित किया था। 2023 अप्रैल में सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन किए गए थे।

नए नियमों के तहत अगर फैक्ट चेक यूनिट को ऐसे किसी भी पोस्ट के बारे में पता चलता है, जो फर्जी या गलत है या जिसमें सरकार के कामकाज को लेकर भ्रामक तथ्य हैं, तो वह इसे सोशल मीडिया मध्यस्थों के पास भेज देगा। इसके बाद ऑनलाइन मध्यस्थों को ऐसे कंटेंट हटाने होंगे।

# इंजीनियर ने ट्रेनों से चुराए कंबल-चादर, पत्नी ने खोल दी पोल

**भोपाल.** एक प्राइवेट कंपनी के इंजीनियर की ट्रेनों से कंबल, चादर और तौलिया चुराने की आदत की पोल उसकी पत्नी ने ही खोल दी। उसने पति के चोरी किए गए सामान के वीडियो बनाकर न सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, बल्कि रेलवे पुलिस से भी शिकायत कर दी। महिला का कहना है कि पति ने चोरी की, ये मुझे अच्छा नहीं लगा। पुलिस को उनके घर से 40 तौलिया, 30 चादर और 6 कंबल मिले हैं। पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

महिला राजस्थान के कोटा की रहने वाली है। इस साल 12 जनवरी को ही उसका निकाह उत्तर प्रदेश के कानपुर में रहने वाले अरशद नाम के युवक से हुआ था। अरशद भोपाल में ही एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर है। वह पत्नी के साथ भोपाल के एयरपोर्ट रोड स्थित दाता कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। उसके घर से ही रेलवे के कंबल, चादर और तौलिए मिले हैं।

**मुझसे कहा- जैसा कहूं, वैसा करो, यह मुझे ठीक नहीं लगा**

पति की पोल खोलने वाला महिला का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें महिला खुद का नाम अफसाना बता रही है। उसका कहा- कमरे में एक संदूक रखा था। इस पर हमेशा ताला लगा रहता है। ईद की सफाई के दौरान जब मैंने संदूक खोला तो ऊपर बहुत सारे कपड़े रखे थे। जब नीचे देखा तो उसमें रेलवे की बहुत सारी चादरें, कंबल और तौलिए मिले। इस बारे में मैंने पति अरशद से बात की। समझाया कि चोरी करना गलत है। यह सारी चीजें वापस कर दीजिए।


## उल्हासनगर महानगरपालिका

ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION

दुरध्वनी क्र. 0251- 2720119 विस्तार क्र- 276 फॅक्स 0251-2720104

Majhi Vasundhara | स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव | NCAP NATIONAL CLEAN AIR PROGRAMME

### जाहिर आवाहन

केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण मंडळ यांनी मुर्ती विसर्जनाबाबत मार्गदर्शक सूचना निर्गमित केल्या असुन दिनांक 12/05/2020 रोजी प्रकाशित केल्या आहेत. सदर सुचनांची अंमलबजावणी होणेकरीता मा. सदस्य सचिव, महाराष्ट्र प्रदुषण नियंत्रण मंडळ, सायन, मुंबई यांचेकडील दिनांक 21 फेब्रुवारी 2024 रोजी निर्देश दिलेले आहेत. तथापी, उल्हासनगर शहरातील मुर्ती विक्रेते, दुकानदार, सर्व गणेश नवरात्र सार्व उत्सव मंडळ तसेच नागरीक यांना याद्वारे आवाहन करण्यात येत आहे.

1) प्लास्टर ऑफ पॅरीस (पि.ओ.पि) पासून मुर्ती बनविण्यावर / उत्पादनावर बंदी घालण्यात आलेली आहे.
2) गणेश नवरात्र उत्सवादरम्यान मातीपासून तसेच इतर धातु किंवा पुर्नवापर करता येण्यासारख्या साहित्यापासुन बनविण्यात आलेल्या मुल्यांचा वापर करावा,
3) पर्यावरणपुरक रंगाच्या मुर्तीना तसेच लहान आकाराच्या मुर्तीना प्राधान्य द्यावे,
4) दिनांक 1 जुलै 2022 पासून बंदी असलेल्या प्लास्टीक पिशव्या व इतर प्लास्टीक वस्तूंचा वापर करण्यात येवू नये.
5) सार्व. उत्सव मंडळांनी मंडपाच्या ठिकाणी ओला कचरा व सुका कचरा यासाठी स्वतंत्र कचरा कुंड्या ठेवाव्यात तसेच स्वतंत्र निर्माल्य कलश ठेवावे
6) मंडळांनी ध्वनीक्षेपकाचा वापर करीत असताना ध्वनीप्रदुषण (नियमन व नियंत्रण) नियम 2000 सुधारणांसह मधील ध्वनीच्या पातळीचे नियंत्रण ठेवाये.
7) मृतींच्या आरासीच्या वेळी प्लास्टीक थर्माकोल व इतर पर्यावरणास हानीकारक वस्तूंचा अनावश्यक वापर करु नये, तसेच नैसर्गिक अशा विविध रंगाच्या फुलांच्या आरासीस अधिकाधिक प्राधान्य द्यावे
8) घरकुलात / संस्थेत / निवासी संकुलात एक घरकुल एक गणपती अशी संकल्पना राबवावी,
9) घरगुती मुर्तीचे विसर्जन हे घरच्याघरी किंवा सामुहिकरित्या कृत्रिम हौदात किंवा महापालिकेने उपलब्ध करुन दिलेल्या कृत्रिम तलावात करावे व निर्मान्याची विल्हेवाट निर्माल्य कलशाद्वारे लावण्यात यावी.
10) मुर्तीथी प्रतिष्ठापना व विसर्जन करताना मिरवणुकीत ध्वनीची पातळी मानकाप्रमाणे नियंत्रित ठेवावी, ध्वनी प्रदुषण टाळावे.
11) उल्लासनगर शहरात हवा, वायु, तसेच ध्वनी प्रदूषण होत असल्याची बाब आढळून आल्यास याबाबत टोल फ्री 18002331103 या क्रमांकावर प्रदुषणा संदर्भात तक्रार नोंदविता येईल.

वरीलप्रमाणे निर्देशित केलेल्या बाबीचे उल्लंघन होत असल्याचे निदर्शनास आल्यास पाणी (प्रतिबंध आणि प्रदूषण नियंत्रण) नियम 1974 चे कलम 33 (अ) नुसार सबंधिताविरुध्द नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित करण्यात येईल याची नोंद घ्यावी.

पर्यावरण विभाग
दिनांकः-06/03/2024

सही/-
**(अजीज शेख)**
प्रशासक तथा आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

**उमपा/पिआरओ/167/2024**
**दि. 20/3/2024**

उल्हास विकास


# मुंबई के लिए MVA में सीटों का बंटवारा

- कांग्रेस को 6 में से मिली 2 सीटें
- निरुपम वाली सीट उद्धव को दी : सूत्र



**मुंबई.** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर महाराष्ट्र की सीटों को लेकर कांग्रेस, शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे की पार्टी के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (MVA) के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है. मुंबई की 6 सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला भी सामने आ गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस मुंबई की कुल 6 लोकसभा सीटों में से 2 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. समझौते के मुताबिक संजय निरुपम वाली सीट उद्धव ठाकरे गुट को दी गई है.

मुंबई में 6 लोकसभा सीटें हैं- मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई उत्तर मध्य, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण. इनमें से कांग्रेस मुंबई उत्तर मध्य और मुंबई मध्य पूर्व से अपने उम्मीदवार उतारेगी. जबकि, शिवसेना (UBT) मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पश्चिम से कैंडिडेट खड़े करेगी.

### 48 सीटों में से 19 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

वहीं, सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस महाराष्ट्र के कुल 48 सीटों में से 19 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. ऐसे में बाकी 29 सीटें शिवसेना (UBT)और एनसीपी (SP) के बीच बंटेगी. ऐसे में शिवसेना को 21 से 22 सीटें तक मिल सकती हैं. अंतिम वक्त पर सीटों की संख्या सीटों की संख्या 23 भी हो सकती है. शरद पवार की पार्टी के 6 सीटों पर चुनाव लड़ने की उम्मीद की जा रही है.

कांग्रेस की महाराष्ट्र यूनिट के अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाडी (MVA) का सीट-शेयरिंग फॉर्मूला और इसके उम्मीदवारों की लिस्ट एक-दो दिन में घोषित की जाएगी. उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) ने 12 उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया है. उन्होंने कहा, 'हम अपने सहयोगियों के साथ चर्चा कर रहे हैं और एक-दो दिन में सूची घोषित करेंगे.'

डॉ. भीम राव आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर ने वीबीए उम्मीदवार के रूप में अकोला सीट से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी. वीबीए ने लोकसभा चुनाव के लिए एमवीए के तीन घटक दलों के साथ गठजोड़ की कोशिश की है.

### महाराष्ट्र में कई नेताओं ने छोड़ा कांग्रेस का साथ

महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी कमजोर होती दिख रही है. हाल के दिनों में कई नेता पार्टी का हाथ छोड़ चुके हैं. राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान 'न्याय यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र में कांग्रेस का दामन छोड़ने वाले नेताओं में सबसे पहला नाम मिलिंद देवड़ा का रहा. इसके बाद बाबा सिद्दीकी और अशोक चव्हाण ने झटके दिए. अब संजय निरुपम भी अपनी सीट खोने के बाद खासे नाराज बताए जा रहे हैं.

## संक्षेप...

### 265 करोड़ की ड्रग्स नष्ट

**नवी मुंबई.** देश में तस्करी कर के लाए गए 31 किलो 948 ग्राम ड्रग्स को नवी मुंबई के तलोजा में नष्ट किया गया. यह काम सेंट्रल रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) के अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया. इन ड्रग्स की कीमत 265 करोड़ रुपए बताई गई है. नष्ट किए गए ड्रग्स में मुख्यतः हेरोइन, कोकीन और गांजा के अलावा अन्य नशीले पदार्थों का समावेश बताया गया हैं. सेंट्रल रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) के अधिकारियों के अनुसार मौजूदा वित्तीय वर्ष में ड्रग्स नष्ट करने की यह तीसरी कार्रवाई है. इससे पहले 19 जुलाई 2023 को 865 करोड़ रुपए की 124 किलो ड्रग्स नष्ट की गई थी, जबकि 13 दिसंबर 2023 को 410 करोड़ रुपए की 54 किलो ड्रग्स को नष्ट किया गया था.

# भूषण गगरानी बने BMC के नए आयुक्त

- ठाणे मनपा की कमान सौरभ राव के हाथों
- कैलास शिंदे को नवी मुंबई मनपा का कमिश्नर बनाया



**मुंबई.** और उसके उपनगरों में बड़े प्रशासनिक बदलाव किए गए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कमिश्नर इकबाल सिंह चहल समेत कई महापालिकाओं के प्रमुख को बदल दिया गया है। दरअसल केंद्रीय चुनाव आयोग के आदेश के बाद महाराष्ट्र सरकार ने कई बड़े प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला किया है।

आईएएस भूषण गगरानी को बीएमसी का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वहीं, पड़ोसी जिले ठाणे महापालिका की कमान सौरभ राव को सौंपी गई है। इसके साथ ही कैलास शिंदे को नवी मुंबई महापालिका का कमिश्नर बनाया गया है।

केंद्रीय चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को मुंबई नगर निगम (BMC) के मौजूदा शीर्ष अधिकारियों को हटाने का आदेश दिया था। इसके बाद मई 2020 में बीएमसी कमिश्नर बनने वाले आईएएस अधिकारी इकबाल सिंह चहल का तबादला कर दिया गया। अब बीएमसी की जिम्मेदारी आईएएस भूषण गगरानी को दी गई है।

इकबाल सिंह चहल महाराष्ट्र कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। जबकि भूषण गगरानी 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह शहरी विकास, जल संसाधन और मराठी भाषा विभाग की भी जिम्मेदारी निभा रहे थे। बता दें कि मुंबई नगर निगम के पार्षदों का कार्यकाल 7 मार्च 2022 को समाप्त हो गया है। तब से ही बीएमसी में प्रशासनिक शासन चल रहा है। यानी बीएमसी का सारा कामकाज बीएमसी कमिश्नर संभाल रहे है।

# विद्यार्थियों के विकास हेतु स्पर्द्धा का आयोजन महत्वपूर्ण -मुख्य कार्यकारी अधिकारी

▸▸|उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** जिला परिषद के स्कूल के विद्यार्थियों के शिक्षा में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षण विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय कला स्पर्धा एन. के.टी सभागृह में किया गया।मुख्यकार्यकारी अधिकारी छायादेवी शिसोदे के हाथों से दीपप्रज्वलित कर सावित्रीबाई फुले व छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा का पूजा अर्चना किया गया।मुख्यकार्यकारी अधिकारी शिसोदे ने कहा कि विद्यार्थियों को सभी स्पर्धा में भाग लेना चाहिए।इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है और इस विषय पर अभिभावकों को ध्यान रखना



महत्वपूर्ण विषय है।उत्तम स्वास्थ्य के लिए भारतीय संस्कृति के अनुसार आहार लेना आवश्यक है।मोबाईल का उपयोग काम से ही करें और स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम,खेल आदि करना चाहिए।

वहीं शिक्षण अधिकारी बालासाहेब राक्षे ने इस स्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित कराया।इसके साथ ही विद्यार्थियों ने स्पर्धा में कला का पर्दशन बेहतर किया।इस अवसर पर उप शिक्षणअधिकारी वैशाली हिरडे, गट शिक्षणधिकारी भिवंडी संजय अस्वले, विस्तार अधिकारी शिक्षण आशिष झुंजारराव, एन. के. टी. हायस्कूल के मुख्याध्यापक लिडीया सैलियन, परीक्षक प्रतिक्षा बोर्डे, परीक्षक माधुरी बागडे, परीक्षक स्वाती कदम, परीक्षक मेधा दिवेकर और शिक्षण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शिक्षक, पालक उपस्थित थे।सूत्रसंचालन डॉ. गंगाराम ढमके व मनोहर मडके ने विद्यार्थियों को उत्साहित किया।

# रिक्शा चालक और ट्रैफिक पुलिस में बहसबाज़ी

**कल्याण.** कल्याण में रिक्शा चालक की दादागिरी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कल्याण स्टेशन के बाहर ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने जब रिक्शा चालकों से रिक्शा कतार में खड़ी करने को कहा तो, एक बेलगाम रिक्शा चालक ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-



मुक्की और गाली-गलौज की। रिक्शा चालक और यातायात पुलिस के बीच जमकर बहसबाज़ी और कहासुनी हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बतादें कि स्टेशन परिसर में स्मार्ट सिटी के तहत काम चल रहा है। जिसके कारण यात्रियों और वाहन चालकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

# डेकेयर सेंटर में अमानवीयता : 3 साल की बच्ची को पीटा, उल्टा लटकाया

**कल्याण.** डोंबिवली में एक डेकेयर सेंटर में मासूम बच्चों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. यहां तीन साल की बच्ची के साथ डेकेयर सेंटर चलाने वाले कपल और एक महिला ने बुरी तरह मारपीट की. इसके बाद बच्चों को बांधकर उल्टा लटका दिया. मौके पर मौजूद एक महिला ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया में वायरल हो गया. पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एजेंसी के अनुसार, पुलिस का कहना है कि इस घटना का एक वीडियो वायरल हुआ था. इस मामले की जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि यह मामला डोंबिवली में डेकेयर सेंटर का है. यहां एक कपल और एक महिला डे-केयर सेंटर चला रहे थे. पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद कपल और एक अन्य महिला के खिलाफ आईपीसी की धारा 324 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत केस दर्ज किया.

इस पूरे मामले में पुलिस ने जो केस दर्ज किया, उसमें कहा गया कि डेकेयर सेंटर में आरोपियों ने सजा के तौर पर बच्चों को बांध दिया और उन्हें उल्टा लटका दिया. आरोपियों ने तीन साल की बच्ची को बुरी तरह पीटा था. इस पूरी घटना का वीडियो एक महिला कर्मचारी ने बना लिया था. महिला ने बच्चों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार को लेकर विरोध दर्ज कराया था. इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

### प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका क्षेत्र में अलग अलग दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटना प्रकाश आई है, डोंबिवली पूर्व में भंगार के एक गोदाम में आग लगई और आग आजू-बाजू में फैलने से 3 दर्जन से अधिक गोदाम आग की चपेट में आ गए, वहीं कल्याण पश्चिम में एक मोबाइल टॉवर में आग लगने की खबर मिली है. डोंबिवली पूर्व के देशमुख होम्स के करीब परिसर में बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भंगार के एक गोदाम में आग लग गई, आग आज बाजू में फैलने से इतनी भयानक हो गई कि 37 भंगार के गोदाम जलकर खाक हो गये.

गुरुवार सुबह नौ बजे के करीब कल्याण पश्चिम स्थित तुलसी पार्क सोसाइटी में एक मोबाइल कंपनी के टॉवर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई, आग की सूचना दमकल विभाग को मिलते ही,दमकल विभाग के कर्मचारी फौरन मौके पर पहुंचे और आग को काबू करने में जुट गए.

# 8 फर्जी पुलिसवालों ने कार से 5.4 करोड़ चुराए

**ठाणे.** ठाणे जिले में खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए एक कूरियर कंपनी का वाहन रोककर उसमें से 5.4 करोड़ रुपये नकद चुराने के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले आरोपियों ने 14 और 15 मार्च की मध्यरात्रि में इस अपराध को अंजाम दिया था। उस दौरान वाहन जलगांव से मुंबई की ओर जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपी इनोवा कार में सवार थे। उन्होंने ठाणे जिले के आटगांव के पास कूरियर कंपनी की कार रोकी। खुद को पुलिसकर्मी बताकर कुछ लोग जबरन कार में सवार होकर उसे सड़क से कुछ दूर ले गए।

उन्होंने बताया कि वाहन की तलाशी के बहाने नकली



पुलिसकर्मियों ने कार से 5.4 करोड़ रुपये की नकदी से भरी दो बोरियां निकालीं और फरार हो गए।

उन्होंने बताया कि पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर शाहपुर पुलिस ने 17 मार्च को आठ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक लोक सेवक का अपमान करने, गलत तरीके से रोकने और धोखाधड़ी के आरोप में भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

### चुनाव प्रचार पत्रक पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम व संख्या आवश्यक- अशोक शिनगारे

ठाणे।लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को प्रचार के लिए छपी कापियों पर मुद्रक प्रकाशक नाम व संख्या डालना आवश्यक है।जिला अधिकारी व मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे।प्रचार के लिए छपी कापियों पर उम्मीदवार के दो परिचित व्यक्ति का सही छपी हुई प्रतियो पर आवश्यक है।इसकी एक प्रति जिलाधिकारी व जिला चुनाव अधिकारी को देना आवश्यक है।इसके अलावा छपी हुई प्रतियो पर मुद्रक प्रकाशक का नाम व पता रहना चाहिए।ऐसा नहीं रहने पर संबंधित प्रिंटिंग प्रेस के मालिक को 6 महीने की सजा और 2 हजार दंड अथवा दोनों भी हो सकता है।प्रिंटिंग प्रेस मालिक को इस नियम का पालन करना अति आवश्यक है यह आवाहन जिलाधिकारी व चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे ने किया।

# महिला डाक्टर ने अटल सेतु से लगाई छलांग

**नवी मुंबई.** दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए समुद्र पर बनाए गए अटल सेतु से एक महिला ने



छलांग लगा दी। पेशे से वह चिकित्सक बताई जा रही हैं। उनकी उम्र करीब 43 साल रही होगी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक महिला के शव का पता नहीं लग सका है, लेकिन उनके मुंबई स्थित आवास से कथित सुसाइड नोट जरूर मिला है।

### अवसाद से पीड़ित थीं महिला

पुलिस ने बताया कि पेशे से डॉक्टर किंजल कांतिलाल शाह अवसाद से पीड़ित थीं। उनका इलाज चल रहा था। वह अपने पिता के साथ मुंबई के परेल इलाके में दादा साहब फाल्के रोड स्थित नवीन आशा इमारत में रहती थीं। सोमवार की दोपहर किंजल ने अपने घर के पास से अटल सेतु जाने के लिए टैक्सी ली और वहां से समुद्र में छलांग लगा दी।

न्हावा शेवा पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कोटे ने बताया कि महिला ने पुल पर टैक्सी चालक से गाड़ी रोकने को कहा। चालक ने इनकार कर दिया तो उन्होंने उस पर दबाव बनाया। जिद की वजह से चालक ने गाड़ी रोक दी। इसके बाद वह गाड़ी से बाहर निकलीं और पुल से कूद गईं। टैक्सी चालक ने तुरंत नवी मुंबई पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तटीय पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों और बचाव दल की मदद से उसे ढूंढने के लिए अभियान चलाया।

### सुसाइड नोट में किए गए कई दावे

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, महिला ने सोमवार को अपने पिता को फोन करके बताया था कि वह किसी काम से बाहर जा रही है। जब उसके पिता घर लौटे तो उन्होंने उसका सुसाइड नोट देखा। इसमें लिखा था कि वह अपनी जिंदगी खत्म करने के लिए अटल सेतु जा रही है। सुसाइड नोट में महिला ने आत्महत्या के लिए आठ साल से चल रहे गंभीर अवसाद को जिम्मेदार बताया। महिला के पिता ने मुंबई के भोईवाडा पुलिस थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई।

पुणे येथील मे. पुराडउपाध्ये सो. सह दिवाणी न्यायाधीश सिनिअर डिव्हिजन यांचे कोर्टात

किरकोळ अर्ज नं.: 1923/2023

निशाणी : 07

## जाहीर नोटीस

**मनोज उधराम मीरानी**

...अर्जदार

नोटीस देण्यात येते की, उपरोक्त अर्जदार यांनी इंडियन सक्सेशन ॲक्ट कलम अन्वये या कोर्टाकडे **मयत पुष्पा उधराम मीरानी मृत्यू दिनांक 29/11/2006** यांचे **वारस प्रमाणपत्र** मिळण्यासंबंधीचा अर्ज केलेला आहे.

ज्या कोणास सदरहू अर्जासंबंधी हरकत घ्यावयाची असेल त्यांनी नेमलेली तारीख 04/04/2024 रोजी ठीक सकाळी 11.00 वाजता स्वतः किंवा वकिलांमार्फत या कोर्टात हजर राहावे.

आज दिनांक 18/03/2024 सही व शिक्क्यानिशी दिला.

शिक्का

हुकूमान्वये,
सही/-
अधीक्षक
दिवाणी न्यायालय, पुणे

# वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पर लौटे श्रेयस



- बोले- हार्ट अटैक के बाद सेट पर आना भयानक था
- अक्षय कुमार का शुक्रिया अदा किया

बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े फिल्म वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पर वापस लौट आए हैं। कुछ समय पहले इसी फिल्म के सेट पर उन्हें हार्ट अटैक आया था। उनकी हालात काफी गंभीर थी। लेकिन डॉक्टरों की देखभाल के बाद वो अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

इंटरव्यू में श्रेयस ने बताया कि इस बुरे वक्त में अक्षय कुमार उनके परिवार के साथ खड़े थे। इसके लिए श्रेयस ने उनका शुक्रिया भी अदा किया।

### डॉक्टरों की सलाह कि अगले 6 महीने तक ना करें एक्शन सीक्वेंस

श्रेयस ने बताया कि इसी फिल्म के सेट पर उन्हें हार्ट अटैक आया था। ऐसे में दोबारा इसी सेट पर शूटिंग करना डरावना था। श्रेयस ने आगे कहा कि इलाज के ढाई महीने बाद उन्होंने काम पर वापसी की है। डॉक्टरों की सलाह है कि वो अपना काम आराम से करें। शॉट्स भी दें, डायलॉग्स भी बोलें लेकिन अगले 6 महीने तक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग से बचे रहें।

श्रेयस ने कहा कि डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी है कि वो नियमित वर्कआउट, कार्डियो, साइकिलिंग जैसी चीजें भी करते रहें।

### शूटिंग पर वापस आकर खुश हूं- श्रेयस

सेट पर वापस लौटने के बारे में श्रेयस ने कहा- मैं सेट पर वापस आकर खुश था। लेकिन साथ ही मेरे अंदर थोड़ी घबराहट थी कि क्या सब ठीक है? क्या मैं ठीक हो जाऊंगा? मैं अपनी घड़ी पर हार्ट बीट चेक करता रहता था। सब कुछ सही होने के बाद ही मैंने शूटिंग शुरू की।

# छात्रों के प्रशिक्षण और रोजगार के लिए एसएसटी कॉलेज को विशेष पुरस्कार





उल्हासनगर के एसएसटी कॉलेज के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की ऊंचाइयों को छूते नजर आ रहे हैं। एसएसटी कॉलेज ने अपनी शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ छात्रों को स्वरोजगार के लिए तैयार करने, छात्रों को रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने और विभिन्न संगठनों में नौकरियां प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इसी को मान्यता देते हुए एसएसटी कॉलेज को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।एसएसटी कॉलेज के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग ने समय-समय पर इंटरव्यू की तैयारी, आईटी फंडामेंटल, कम्युनिकेशन स्किल्स, सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण आयोजित करके छात्रों को इंटरव्यू और भविष्य की नौकरियों के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए तैयार किया है। इसके साथ ही कॉलेज की समिति 'सिबिक' ने छात्रों में उद्यमिता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यशालाओं और कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया है।

इसके अलावा, कॉलेज में छात्रों द्वारा विभिन्न उद्योग मेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है और इसके परिणामस्वरूप, कॉलेज के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों के साथ-साथ अपने स्वयं के व्यवसाय का भी सफलतापूर्वक प्रबंधन कर रहे हैं। इसी कारण से, एन.जी.ओ. 'मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन' ने एसएसटी कॉलेज को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया. इस पुरस्कार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी ने अपने शिक्षकों के साथ स्वीकार किया। साथ ही प्रशिक्षण समन्वयक उप प्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, प्रो.दीपक मुलपानी सहित ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो.डॉ. सुनील शाह, प्रोफेसर डॉ. पद्मा देशपांडे, एडमिन कोऑर्डिनेटर श्री जीतेन्द्र पवार को भी सम्मानित किया गया। साथही मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन ने भांडुप में आयोजित एक शानदार समारोह में कॉलेज को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया। कॉलेज की और साई और ट्रॉफी उपप्राचार्य डॉ.दीपक गवादे एवं ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुनील शाह ने स्वीकार की।

## आम सूचना

मैं श्रीमती माया रमेश वसीटा सभी को सूचित कर रहा हूं कि 43/01, रामदेव पीर मंदिर, वसीटा कॉलोनी, उल्हासनगर-4. कुल क्षेत्रफल 187 स्व. फुट. (टैक्स नं. 43सीओ020379500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती जया सुरेश वसीटा के नाम पर है। उन्होंने अपना 50 प्रतिशत 93.50 स्क.फुट का शेयर गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 26.12.2023 सी.नं. 178/23 द्वारा मुझे दिया है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती माया रमेश वसीटा**

## आम सूचना

मैं श्री वाशू केवलराम रामवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि ग्राऊंड + पहला माला, बैरक नं. 402, रुम नं.1, साईड पोरशन, ओटी सेक्शन उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एआय014812700) उक्त प्रॉपर्टी श्री जगदीश एच. थदानी के नाम पर है। मैंने श्रीमती उषा जगदीश थदानी से सेल एग्रीमेंट दि. 17.11.2005 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री वाशू केवलराम रामवानी**

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS
आपकी आवाज 15 सेकंड का वीडियो 9322233577
इस नंबर पर भेजकर हमारे न्यूज के जरिए अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाएं।

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21 Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
उल्हास वि NEWS
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
www.ulhasvikas.com
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099